हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 4 जून 2026

**तापमान**
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

**आज बिजली कट**
- सेक्टर-14 पर मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 8 से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी।
- प्रेम चौंक, जवाहर नगर, को ऑपरेटिव बैंक के पास, अशोका चौक, मसीहा गुरुद्वारा क्षेत्र व एसपी रेजिडेंस क्षेत्र में बिजली कट सुबह 10 से 12 बजे तक

## खबर संक्षेप

### पत्नी का हत्यारोपी एक दिन के रिमांड पर
**रोहतक।** पुलिस ने भिवानी रोड स्थित डोभ सैयद में पत्नी की हत्या के आरोपी पति आजाद को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 1 जून की रात घरेलू विवाद के दौरान आजाद ने अपनी पत्नी जोसाना भानु पर डंडे से हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में 2 जून को केस दर्ज किया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज
**सांपला।** गुरुवार को नगरपालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन प्रवीन कोच और सभी पार्षद शपथ लेंगे। प्रशासन के अधिकारी नवनिर्वाचित चेयरमैन और पार्षदों को शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे नगरपालिका कार्यालय में होगा। समारोह में हरियाणा सरकार के मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक व अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी सामिल होंगे।

### मोबाइल हैक कर खाते से 82000 रुपये निकाले
**सांपला।** क्षेत्र के गांव पाकस्मा निवासी सोमबीर के बैंक खाते से मोबाइल हैक कर 82,123 रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने उसका मोबाइल हैक कर लिया और उसके एसबीआई खाते से यह राशि निकाल ली। घटना का पता चलने पर उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत और बैंक स्टेटमेंट की जांच के बाद सांपला थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार
**रोहतक।** पुलिस ने बाबरा मोहल्ला निवासी अनुज पर हुए जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि शंकर निवासी सुंदरपुर, वंश और अंकित निवासी सुनारियां खुर्द के रूप में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। अनुज की शिकायत पर दर्ज मामले की जांच में सामने आया कि वह दोपहर साढ़े 12 बजे अपने दोस्त गोबिंद के साथ भिवानी रोड स्थित लाल नाथ हिंदू कॉलेज की कैंटीन में बैठा था। इसी दौरान रवि शंकर, अमित, वंश और 8-9 अन्य युवक वहां पहुंचे और उस पर फरसे व डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनुज को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस जांच जारी है।

# नगर निगम की आंखों पर पर्दा अतिक्रमण हटाने वालों की दुकान पर ही हो गया कब्जा

**अजब-गजब:** करीब दो महीने से चल रहे सीएससी में लगा है बिजली का मीटर, लेकिन अधिकारियों को पता तक नहीं

**बड़ा सवाल:** जिस कॉम्प्लेक्स की दुकानों की आज तक बोली नहीं हुई, वहां सीएससी कब किसने और कैसे अलॉट किया

**जागा विभाग:** मामला सामने आने पर नगर निगम में मच गया हड़कंप, निगम आयुक्त ने जारी किए पूरे प्रकरण की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना अड्डा स्थित भगत सिंह कॉम्प्लेक्स में आखिर किसकी अनुमति से सीएससी सेंटर संचालित किया जा रहा है? यह सवाल उस समय खड़ा हो गया जब स्थानीय लोगों की शिकायत नगर निगम तक पहुंची और जांच में सामने आया कि जिस कॉम्प्लेक्स की दुकानों की आज तक बाकायदा बोली तक नहीं हुई, वहां एक सीएससी सेंटर चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि निगम के उच्च अधिकारियों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। मामले के सामने आने के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया है और निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। करीब दो माह से भगत सिंह कॉम्प्लेक्स में संचालित किए जा रहे सेंटर के चलने की जानकारी निगम में अधिकारियों को नहीं थी। अब शिकायत की गई तो मामले में पता चला। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कॉम्प्लेक्स की दुकानों की आज तक विधिवत बोली नहीं हुई, इसके बावजूद वहां सेंटर संचालित किया जा रहा है।



### 15 साल पहले पार्किंग व दुकानों के लिए बनाया गया था भगत सिंह काम्प्लेक्स
करीब 15 साल पहले भगत सिंह कॉम्प्लेक्स का निर्माण शहर के व्यापारियों और आम लोगों को पार्किंग तथा व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। योजना के अनुसार कॉम्प्लेक्स में दुकानों का आवंटन खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना था ताकि नगर निगम को राजस्व प्राप्त हो सके और व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान मिल सके। लेकिन वर्षों बाद भी दुकानों की बोली प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

### निगम में पास होना चाहिए रिकॉर्ड
इसी बीच कॉम्प्लेक्स में एक सीएससी सेंटर संचालित होने की जानकारी सामने आने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब दुकानों का आधिकारिक आवंटन ही नहीं हुआ तो संबंधित स्थान किसके आदेश पर और किस प्रक्रिया के तहत सेंटर को दिया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी संस्था या व्यक्ति को जगह दी गई है तो उसका रिकॉर्ड निगम के पास होना चाहिए।

### ₹50,000 महीना है मार्केट रेंट
व्यापारियों का आरोप है कि जिस स्थान पर सेंटर चल रहा है, उसका बाजार मूल्य काफी अधिक है। उनके अनुसार वर्तमान बाजार दरों के हिसाब से उस स्थान का किराया करीब 50 हजार रुपये प्रतिमाह बनता है। ऐसे में यदि बिना किसी निविदा या पारदर्शी प्रक्रिया के जगह उपलब्ध कराई गई है तो इससे नगर निगम को आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सीएससी सेंटर में विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बदले लोगों से 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की फीस ली जाती है। ऐसे में यह भी जांच का विषय बन गया है कि सेंटर किस श्रेणी में संचालित हो रहा है और उससे प्राप्त होने वाली आय का रिकॉर्ड किसके पास है।

### निगमायुक्त को दी शिकायत
शिकायतकर्ता ने निगम आयुक्त को दी शिकायत में इस पूरे मामले की गहन जांच करने और कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कॉम्प्लेक्स में जगह दी गई है तो उसके लिए निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन किया जाना चाहिए था। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि निगम को इसके बदले कोई किराया या शुल्क प्राप्त हो रहा है या नहीं। क्योंकि यहां बिजली का मीटर भी लगा हुआ है।

### 2017 में हुआ था उद्घाटन
दिल्ली गेट (किला रोड) स्थित शहीद भगत सिंह मल्टीस्टोरी कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन 4 अप्रैल 2017 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया था। उद्घाटन के बाद से ही संचालन संबंधी विवादों और दुकानों के आवंटन में देरी के कारण यह लंबे समय तक बंद रहा था। बाद में, इसे लेकर योजना बनाई गई कि इसके विभिन्न हिस्सों में स्थानीय रेहड़ी-फड़ी वालों और दुकानदारों को कैबिन व बूथ आवंटित किए जाएं। लेकिन आज तक दुकानें अलॉट नहीं हो पाई।

# ऑनलाइन गेम में कमाई का झांसा देकर 3.14 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


ऑनलाइन गेम के जरिए मोटी कमाई का लालच देकर एक युवक से 3 लाख 14 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि जनवरी में फेसबुक पर उसकी पहचान अवंतिका ठाकुर नामक युवती से हुई थी। बातचीत के दौरान युवती ने खुद को लहंगा फैक्ट्री संचालक बताया और ऑनलाइन गेम के माध्यम से अच्छी कमाई होने का दावा किया।

आरोप है कि उसने कृष्ण कुमार को एक वेबसाइट का लिंक भेजकर उसमें निवेश करने के लिए प्रेरित किया। लाभ का भरोसा मिलने पर कृष्ण कुमार ने अलग-अलग किस्तों में कुल 3.14 लाख रुपये जमा करा दिए। बाद में जब उसने अपनी राशि और मुनाफा निकालने का प्रयास किया तो उसे टालमटोल किया जाने लगा। रकम वापस न मिलने पर उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी के अनुसार वेबसाइट, बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## हादसे के बाद जागा पुलिस प्रशासन
# रफ्तार पर लगाम, सुपर बाइकर्स की खैर नहीं

नीरज वर्मा ⏭ रोहतक

अब तक बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर चालान करने वाली पुलिस ने अब शहर की सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही सुपर बाइकों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। हाल ही में रेस लगा रहे दो युवकों की लापरवाही के कारण डीएसपी के गनमैन की मौत के बाद पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस ने सुपर बाइकर्स पर नजर रखने के लिए विशेष टीम गठित करने का फैसला लिया है, जो सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से रेसिंग, स्टंटबाजी और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों की पहचान करेगी। एसपी गौरव राजपुरोहित के अनुसार शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, हाईवे, एलिवेटेड रोड, रिंग रोड और अन्य संवेदनशील मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। दरअसल, कुछ समय से शहर में महंगी सुपर बाइकों का चलन तेजी से बढ़ा है। कई युवा सोशल मीडिया पर वीडियो और रील बनाने के लिए सड़कों पर स्टंट करते नजर आते हैं। वहीं कुछ समूह रात के समय सड़कों को रेसिंग ट्रैक बनाकर बाइक दौड़ाते हैं। इससे आम लोगों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। इसलिए पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगा।




### इन बिंदुओं पर रहेगा फोकस
- सीसीटीवी कैमरों से सुपर बाइकर्स की पहचान।
- रेसिंग और स्टंट करने वालों पर विशेष नजर।
- नियम तोड़ने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज।
- बाइक को सीज करने की कार्रवाई।
- संवेदनशील मार्गों पर नियमित निगरानी।
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की भी जांच।
- ड्राइविंग लाइसेंस रद्द

### इन स्थानों पर नजर
- दिल्ली बाईपास व हिसार रोड
- एलिवेटेड और रिंग रोड
- प्रमुख चौक-चौराहे
- हाईवे से जुड़ने वाले मार्ग
- रात के समय बाइकर्स के जमावड़े वाले स्थान

### नहीं बख्शे जाएंगे स्टंटबाज
पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। रेसिंग और स्टंट करने वाले युवकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात नियमों की अनदेखी कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जरूरत पड़ने पर उनकी बाइक भी सीज की जाएगी। -**गौरव राजपुरोहित**, एसपी रोहतक



### 4.61 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार
**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को 4.61 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई अनिल अपनी टीम के साथ जींद चौक क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि कबीर कॉलोनी निवासी एक महिला नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जींद रोड स्थित कबीर कॉलोनी तालाब के पास महिला को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान रीना पत्नी सुनील निवासी कबीर कॉलोनी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.61 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# रोहतक की शिवानी और मुस्कान का भारतीय टीम में चयन

- अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व
- लड़कों की अंडर-23 स्पर्धा के लिए सोनीपत के वंशज चौहान ने बनाया है टीम में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रोहतक की दो महिला मुक्केबाज देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं लड़कों में अंडर-23 में सोनीपत के वंशज चौहान का चयन हुआ है। ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर शिवानी, वंशज और मुस्कान बेनीवाल ने भारतीय टीम में स्थान बनाया है। तीनों खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ रिंग में उतरेंगी। यह प्रतियोगिता इंडोनेशिया के जकार्ता में 3 से 16 जुलाई तक होगी।

### पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगी शिवानी


सेक्टर-36 निवासी शिवानी पहली बार सीनियर स्तर की किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही हैं। 70 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कोच दीपक छिक्कारा ने बताया कि शिवानी पिछले करीब पांच वर्षों से बॉक्सिंग की नियमित प्रैक्टिस कर रही हैं। शिवानी यूथ कैटेगरी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुकी हैं, जबकि खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुकी हैं। अब पहली बार एशियन चैंपियनशिप में खेलने का अवसर मिलने से वह बेहद उत्साहित हैं और पदक जीतने के लिए कड़ी तैयारी कर रही हैं।

### दूसरी बार एशियन बॉक्सिंग में खेलेंगी मुस्कान


शीतल नगर निवासी मुस्कान बेनीवाल दूसरी बार अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वह 75 किलोग्राम भार वर्ग में देश की चुनौती पेश करेंगी। मुस्कान इससे पहले अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के साथ बेस्ट बॉक्सर का खिताब भी हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने 2018 में राजीव गांधी खेल स्टेडियम में कोच नवीन खोखर के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग की शुरुआत की थी। मुस्कान तीन राष्ट्रीय स्वर्ण, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्वर्ण, खेलो इंडिया में दो स्वर्ण, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी स्वर्ण, यूथ एशियन चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक जीत चुकी हैं और खेल कोटे से रेलवे में टीटी के पद पर कार्यरत है।

### सोनीपत में अभ्यास करता है वंशज


65 किलोग्राम में वंशज चौहान देश का प्रतिनिधित्व करेगा। वंशज सोनीपत में कोच रोहताश के पास अभ्यास करता है। कोच रोहताश ने वंशज को बधाई दी। वंशज ने इससे पहले भी शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# वार्ड 20 में दशकों पुरानी बाग वाली गली के बीच खड़ी कर दी दीवार

**रोहतक।** वार्ड-20 स्थित बाग वाली गली में बीच रास्ते दीवार निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों और क्षेत्र के पार्षद ने इसे अवैध निर्माण बताते हुए विरोध जताया है, जबकि संबंधित पक्ष का दावा है कि वे अदालत के आदेश के आधार पर अपनी जमीन पर कब्जा ले रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने जांच शुरू कर दी है और कानूनी राय भी ली जा रही है।




### कोर्ट के आदेश का दावा
ओमबीर और दिलबाग का कहना है कि जिस भूमि पर दीवार बनाई जा रही है वह उनकी निजी संपत्ति है। अदालत से फैसला पक्ष में आने के बाद कब्जा लेने की कार्रवाई की जा रही है।

### लोगों व पार्षद का विरोध
स्थानीय निवासियों ने दीवार निर्माण का विरोध किया है। उनका कहना है कि गली सार्वजनिक उपयोग में है। पार्षद प्रवीण कौशिक ने निर्माण को अवैध बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

### अनुमति पर उठे सवाल
पार्षद का आरोप है कि निर्माण से पहले नगर निगम से भवन नक्शा स्वीकृत नहीं कराया गया। आवश्यक एनओसी भी नहीं ली गई, इसलिए निर्माण नियमों के विपरीत है।

### आवागमन हुआ प्रभावित
विवादित स्थान से पानी, सीवरेज और बिजली की लाइनें गुजरती हैं। गली बंद होने की स्थिति में सैकड़ों लोगों के आवागमन और बुनियादी सुविधाओं पर असर पड़ सकता है।

### निगम ने शुरू की जांच
नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ने शिवाजी कॉलोनी थाना में शिकायत दी है। निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच और कानूनी राय ली जा रही है।

**हेल्थ अलर्ट** — कम हो रहा एंटीबायोटिक का असर, पहले से ज्यादा दिन तक खानी पड़ रही हैं दवाएं

# पशुओं को एंटीबायोटिक से लोगों की इम्युनिटी घटी

- चिकित्सकों ने रखी अपनी राय, कहा- बिना डॉक्टर की पर्ची के एंटीबायोटिक बेचने पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

**सिटी पल्स**

कभी मामूली संक्रमण को कुछ ही दिनों में ठीक कर देने वाली एंटीबायोटिक दवाएं अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बड़ी संख्या में मरीजों में एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होता जा रहा है, जिसके कारण संक्रमण को नियंत्रित करने में अधिक समय लग रहा है। कई मामलों में मरीजों को पहले की तुलना में ज्यादा दिनों तक दवाएं लेनी पड़ रही हैं और अस्पतालों में उपचार भी जटिल होता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन और मेडिकल स्टोरों पर इनकी आसान उपलब्धता इस गंभीर समस्या को बढ़ा रही है। ऐसे में बिना चिकित्सकीय पर्ची के एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके अलावा पशुओं को लगाई जाने वाली दवा भी इंसानों के शरीर तक पहुंच रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एंटीबायोटिक प्रतिरोध आज वैश्विक स्तर पर जनस्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है।

### जानिए... दवा बेअसर होने के बड़े कारण



चिकित्सकों ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर होने का सबसे प्रमुख कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध है। जब बैक्टीरिया खुद को इन दवाओं के अनुकूल ढाल लेते हैं, तो इसे सुपरबग कहा जाता है। इसके मुख्य कारण और वैज्ञानिक तथ्य हैं।

- **दवाओं का अधूरा कोर्स:** कई बार मरीज पूरी तरह ठीक होने से पहले ही एंटीबायोटिक्स लेना बंद कर देते हैं। इससे बचे हुए बैक्टीरिया मजबूत हो जाते हैं और अगली बार उन पर दवा काम नहीं करती।
- **दवाइयों का अत्यधिक उपयोग:** सर्दी-जुकाम या वायरल संक्रमण जैसी सामान्य बीमारियों में भी एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जाता है, जिन पर ये दवाएं वैसे भी बेअसर होती हैं।
- **गलत जानकारी और स्व-चिकित्सा:** डॉक्टर की सलाह के बिना मेडिकल स्टोर से सीधे एंटीबायोटिक लेकर खाना एक बड़ा कारण है।
- **पशुपालन और कृषि में दुरुपयोग:** पोल्ट्री, मछली पालन व मवेशियों को जल्दी बड़ा करने या बीमारियों से बचाने के लिए भारी मात्रा में एंटीबायोटिक्स दी जाती हैं। ये दवाएं भोजन व पानी के जरिए इंसानों के शरीर में पहुंच जाती हैं, जिससे बैक्टीरिया इन दवाओं के अभ्यस्त हो जाते हैं।

### बढ़ी है ऐसे मरीजों की संख्या


इस विषय पर हॉली हार्ट अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कर्ण भूटानी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है, जिन पर सामान्य एंटीबायोटिक दवाएं अपेक्षित असर नहीं दिखा रही हैं। कई मामलों में संक्रमण नियंत्रित करने के लिए अधिक शक्तिशाली और महंगी दवाओं का उपयोग करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिना चिकित्सकीय सलाह एंटीबायोटिक न लें और पूरा कोर्स करें। एंटीबायोटिक प्रतिरोध तथा पशुओं में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी चिंता का कारण हैं।

### बिना सलाह दवा लेने से करें परहेज


आईएमए की पूर्व प्रधान डॉ. आरती साहू ने बताया कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने कहा कि कई लोग सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार या गले की खराश में बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक लेना शुरू कर देते हैं, जबकि इन बीमारियों में इसकी जरूरत नहीं होती। इससे बैक्टीरिया दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को पुराने पर्चों या अधूरा कोर्स करने से बचना चाहिए और हमेशा चिकित्सक की सलाह से ही पूरा उपचार करवाना चाहिए।

# स्कॉर्पियो सवारों ने स्कूल संचालक को डंडों से पीटा

- गाड़ी में तोड़फोड़ करके जान से मारने की धमकी भी दी, मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में एक स्कूल संचालक पर स्कॉर्पियो सवार हथियारबंद युवकों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने न केवल मारपीट की बल्कि पीड़ित की गाड़ी में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निजी स्कूल के संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका स्कूल गांव सिंहपुरा स्थित कारण रोड पर है। एक जून को वह अपनी वर्ना कार में स्कूल से शहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक काले रंग की स्कॉर्पियो उनकी गाड़ी के सामने आकर रुक गई। हिमांक के अनुसार स्कॉर्पियो से दो-तीन युवक नीचे उतरे और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद युवकों ने अपनी गाड़ी से लकड़ी के डंडे निकाले और उनके हाथों व पैरों पर कई वार किए। हमले में उन्हें चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार आभूषण व नकदी बरामद

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की पुलिस ने घर से आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कैलाश कॉलोनी निवासी जतिन उर्फ गोली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और 1,500 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार कैलाश कॉलोनी निवासी रोहतास ने 28 मई को शिकायत दी थी कि घर का ताला तोड़कर चोर आभूषण और 20 से 22 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### एप इंस्टॉल करा खाते से 3.64 लाख उड़ाए

**बहादुरगढ़।** इलाके में साइबर ठगी के मामले नहीं थम रहे। अब एक कंपनी कर्मचारी के साथ वारदात हो गई। शातिर साइबर ठग ने बैंक मैनेजर बनकर उसके व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर एप्लीकेशन इंस्टॉल कराई और करीब 3 लाख 64 हजार रुपये साफ कर दिए। वारदात विवेक के साथ हुई है। मोहन नगर निवासी विवेक का कहना है कि वह एक कंपनी में काम करता है। गत 3 मई को उसके पास कॉल आई। कॉलर ने खुद को एसबीआई का मैनेजर बताते हुए कहा कि आपको यूपीआई शुरू करनी है तो एप्लीकेशन डाउनलोड करनी होगी।

गर्मी में उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी, कई इलाकों में अंधेरे में कट रही रातें

# करोड़ों खर्च, ट्रांसफार्मर और तारें बदलीं, फिर भी नहीं थम रहे हैं कट

लोगों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बार-बार बिजली जाने और लंबे कट लगने की समस्या लगातार बनी हुई है।


बिजली ठीक करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर्दियों के दौरान बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिजली निगम ने करोड़ों रुपये खर्च कर मरम्मत कार्य करवाए। जगह-जगह ट्रांसफार्मर बदले गए, पुरानी बिजली लाइनों की जगह नई तारें डाली गईं और फीडरों का भी रखरखाव किया गया। निगम ने दावा किया था कि गर्मियों में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी, लेकिन तापमान बढ़ते ही दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। शहर के कई इलाकों में लगातार लंबे बिजली कट लग रहे हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

हालात यह हैं कि कई क्षेत्रों में रात के समय तीन से छह घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों की नींद हराम हो रही है। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटों के कारण घरों में लगे कूलर और एसी भी बेअसर साबित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ रही है।

### पुरानी आईटीआई में चार घंटे, सब्जी मंडी और बाबरा मोहल्ला में छह घंटे कट

शहर की पुरानी आईटीआई क्षेत्र में मंगलवार रात करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली कट के कारण लोगों को गर्मी में रात गुजारनी पड़ी। वहीं सब्जी मंडी क्षेत्र में करीब तीन घंटे तक बिजली नहीं रही, जिससे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाबरा मोहल्ला में तो स्थिति और भी खराब रही, जहां करीब छह घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायत सामने आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बार-बार बिजली जाने और लंबे कट लगने की समस्या लगातार बनी हुई है।

### निगम के बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य, फिर भी फेल

उपभोक्तओं का आरोप है कि हर वर्ष गर्मियों से पहले बिजली निगम बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य और तैयारियों के दावे करता है, लेकिन जैसे ही बिजली की मांग बढ़ती है, सिस्टम जवाब देने लगता है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि उपभोक्ताओं को नियमित बिजली नहीं मिल रही तो इन कार्यों का लाभ आखिर कहां दिखाई दे रहा है।

### कट से कारोबारी, स्वरोजगार से जुड़े लोग प्रभावित

बिजली कटों का असर केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है। छोटे कारोबारी, दुकानदार और स्वरोजगार से जुड़े लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। रात के समय बिजली बाधित होने से पानी की आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कई इलाकों में लोग सोशल मीडिया और शिकायत केंद्रों पर लगातार शिकायतें दर्ज करा रहे हैं।

### लगातार बढ़ रही मांग



गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। जिन क्षेत्रों में निर्धारित क्षमता से अधिक लोड चल रहा है और उपभोक्ताओं ने अपना स्वीकृत लोड नहीं बढ़वाया है, वहां फॉल्ट आने की संभावना बढ़ जाती है। इसके बावजूद निगम की टीमें शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचकर तुरंत मरम्मत कार्य कर रही हैं। हमारा प्रयास है कि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए।

-बिजेंद्र नरवाल, एसई, बिजली निगम

### कटों के पीछे बढ़ा लोड मुख्य कारण: निगम

उधर, बिजली निगम के अधिकारी इन कटों के पीछे बढ़ते लोड को मुख्य कारण बता रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि कई उपभोक्ताओं ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों में एसी, कूलर और अन्य बिजली उपकरण तो बढ़ा लिए हैं, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिजली लोड नहीं बढ़वाया। इसके कारण ट्रांसफार्मरों और लाइनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे बार-बार फॉल्ट की स्थिति बन रही है।

इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग की 688 सीटों पर होंगे दाखिले...

# महम आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुरू, 15 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में मंगलवार 2 जून से विभिन्न ट्रेड्स के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह दाखिला प्रक्रिया 15 जून तक चलेगी। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंद्र सिंह ने बताया कि सत्र 2026-27 के दाखिला हेतु प्रक्रिया विभिन्न इंजीनियरिंग तथा नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों के ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे।

गवर्नमेंट आईटीआई महम में सत्र 2026-27 हेतु 22 ट्रेड हैं। जिसमें कारपेंटर, कोपा, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, वेल्डर, प्लंबर, पेंटर जर्नल, मशीनिस्ट, टर्नर, फीटर, शिविंग टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी ,मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, स्टेनोग्राफी हिंदी, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग मेंटेनेंस, टूल एंड डाई मेकर आदि शामिल हैं। जिसमें कुल 688 सीटों पर दाखिला होना है।



आईटीआई महम का भवन।

### दाखिला के लिए इन पेपरों की होगी जरूरत

प्रधानाचार्य ने बताया की दाखिला से संबंधित शैक्षिक योग्यता, आरक्षण व स्थाई निवासी आदि सभी मूल प्रमाण-पत्रों की प्रतियां दाखिला फार्म के साथ ही आवश्यकतानुसार अपलोड करनी होगी। दाखिला लेने के इच्छुक प्रार्थी के पास निजी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, परिवार पहचानपत्र एवं आधार कार्ड नंबर होना अनिवार्य है। ऐसे प्रार्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। दाखिला हेतु अधिक जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 7015355458 व 98122 67179 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# नेशनल हाइवे नंबर नौ से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

खरखौदा मार्ग से नेशनल हाईवे नंबर 9 से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। इसके निर्माण पर लाखों रुपये खर्च होंगे। सतीश कुमार, जसबीर, पवन कुमार ने बताया कि बताया गया कि हुड्डा सरकार में न्यू नयां बास माइनर के साथ में खरखौदा मार्ग से नेशनल हाईवे नंबर 9 को जोड़ने के लिए करीब तीन किमी लंबी सड़क का निर्माण किया गया था। वाहनों के आवागमन के चलते पुरी सड़क में गड्ढे बन गए थे। वाहन चालकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती थी। पिछले दिनों मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने सरकार को अवगत कराया। मार्केट कमेटी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

■ निर्माण पर लाखों रुपये खर्च होंगे

### दैनिक आवाजाही में आने वाली परेशानियां कम होंगी

सड़क निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा तथा दैनिक आवाजाही में आने वाली परेशानियां कम होंगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय निवासियों के साथ प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक ने कहा कि सैनी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर कार्य कर रही है। सड़क, पेयजल, सीवरेज व अन्य जनसुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही हैं।

# अग्रवाल समाज ने डीसी-एसपी मामले में इनेलो को घेरा, बोले-अपमान बर्दाश्त नहीं

**रोहतक।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने बुधवार को इनेलो नेताओं पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 1986 में बनियों को वोट देने का अधिकार छीनने के बारे में कहा गया था। अब इनेलो के सुप्रीमो अभय चौटाला विधायक अर्जुन चौटाला एक समाज के अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल जैन ने डीसी और एसपी से किए अभद्र व्यवहार के मामले में कहा कि इनेलो ने अगर 2 दिन में अधिकारिक तौर पर समाज से माफी नहीं मांगी तो इनेलो कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही डीसी के माध्यम से सरकार को भी ज्ञापन दिया जाएगा। संगठन के सदस्य और नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अजीत जैन ने कहा कि इनेलो के विधायक बनियों को सड़क पर लाने और एक आईएएस अधिकारी के लिए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। वह समाज को तोड़ने की बात कर रहे हैं। अजीत जैन ने कहा कि जो लोग समाज को तोड़ने की बात करते हो, वो किसी जाति का भला नहीं कर सकते। अग्रवाल समाज हमेशा जोड़ने की बात करता है।


**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल जैन,नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अजीत जैन व सुभाष तायल।

■ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का होगा आयोजित

# खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में राधिका व यश रहे प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आयुष विभाग द्वारा 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। 12 वें अन्तर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां चल रही हैं। जगह जगह विद्यार्थियों और इलाके के लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही हैं। इसी कड़ी में महम के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक खंड स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में महम खंड के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भागा लिया। लड़के और लड़कियों के अलग अलग वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इस मौके पर आयुष विभाग से योगाचार्य अमित अहलावत, पीटीआई हरेंद्र व योगा ट्रेनर भतेरी मौजूद रहे।


**महम।** योगासन प्रतियोगिता में भाग लेते विभिन्न विद्यालयों के छात्र।

### लड़कियों के वर्ग में प्रीति रही अव्वल

लड़कियों के वर्ग में प्रीति पुत्री सुरेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि राधिका पुत्री सुरेंद्र द्वीतीय स्थान पर रही। तन्नू पुत्री महेंद्र ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता छात्राएं खरकड़ा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं हैं। लड़कों के वर्ग में एमपीएस स्कूल खरकड़ा का छात्र यश पुत्र कुनार प्रथम स्थान पर रहा। दूसरा स्थान राहुल पुत्र सोनू और तीसरा स्थान लक्ष्य पुत्र सोबिन्द्र ने हासिल किया। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे विजेता छात्र पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम के छात्र हैं। योगाचार्य अमित अहलावत ने बताया की योगासन प्रतियोगिता का उद्देश्य योग की प्राचीन कला को एक खेल के रूप में बढ़ावा देना है।

भिवानी में सिंचाई मंत्री के आवास का घेराव करेंगे सरकारी कर्मचारी

# मदीना में सरकार के खिलाफ गरजे कर्मचारी, बैठक कर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला रोहतक की आईबी मदीना ब्रांच की कार्यकारिणी मीटिंग मदीना रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सोमवीर दांगी व संचालन ब्रांच सह सचिव अंग्रेज ने की। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार किए गए वादों से लगातार मुकर रही है। कर्मचारी 15 व 16 जून को अपना मांग पत्र कार्यकारी अभियंताओं के माध्यम से सरकार को देंगे। जिला कार्यकारिणी की बैठक करके हजारों की संख्या में 4 जुलाई को सिंचाई मंत्री के आवास का भिवानी में करेंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व भवन एवं सड़क मंत्री के आवास का घेराव 18 जुलाई को हिसार में करेंगे। दोनों मंत्रियों के साथ संगठन की पहले भी मीटिंग हुई थी। जिसमें मंत्रियों ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया था। मौके पर जिला प्रधान राकेश लाकड़ा उपप्रधान नरेश देशवाल, प्रचार सचिव सुरेंद्र पहल, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सचिव मनजीत पांचाल, अमरजीत,जयवीर कृष्ण, विजयपाल, राकेश आदि मौजूद थे।


**महम।** मदीना में आयोजित बैठक में भाग लेते विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

# महम नपा ने कैंप में की 1 लाख 27 हजार के प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली

**महम।** महम नगरपालिका महम द्वारा बुधवार 3 जून को प्रातः 10 बजे वाल्मीकि सामुदायिक केंद्र के पास एनडीसी पोर्टल पर सम्पतिकर डाटा करेक्शन, लाल डोरा प्रमाण पत्र व प्रोपर्टी टैक्स छूट बारे जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान 1 लाख 27 हजार का प्रॉपर्टी टैक्स वसूला गया। कैंप में नपा कार्यालय द्वारा प्रोपर्टी से सम्बधित त्रुटियों का निपटान किया गया। लोग त्रुटि से संबंधित सभी दस्तावेज साथ लेकर पहुंचे। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि गृहकर की अदायगी कार्यालय में आकर या ऑनलाईन पोर्टल पर कर सकते हैं। कैंप में वार्ड नबर 5 के पार्षद अनिल कुमार के द्वारा सभी शहरवासियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक व्यक्ति सरकार द्वारा दी जा रही छूट व अन्य योजनाओं का लाभ लें।

### 30 तक शत-प्रतिशत छूट

नपा सचिव नवीन नांदल ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया देय संपत्तिकर पर लगाई गई ब्याज राशि पर 30 जून तक शत प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वित-वर्ष 2026-27 सम्पति कर पर 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हर सप्ताह शहर के मुख्य स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पांच में यह कैंप लगाया गया है।

निंदाना में मनाया विश्व साइकिल दिवस, युवाओं को दिया संदेश

# साइकिल से ही करें कम दूरी की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मेरा युवा भारत रोहतक द्वारा विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य पर गांव निंदाना में युवाओं द्वारा साइकिल यात्रा निकाली गई। जिला शिक्षण संस्थान से पवन राठी, जिला युवा अधिकारी परम राठी और माई भारत लेखाकार शंकर ने बताया कि यह यात्रा हरित भविष्य के लिए साइकिलिंग थीम को लेकर निकाली गई है।

इस साइकिल यात्रा का मकसद युवाओं में पर्यावरण के प्रति प्रेम भावना उत्पन करना था। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । पवन राठी ने कहा कि साइकिल पर्यावरण के साथ साथ सेहत के लिए भी लाभदायक है। युवाओ को कम दूरी की यात्रा के लिए साइकिल का प्रयोग करना चाहिए । साइकिल यात्रा में भगा लेने वाले सभी युवाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। युवाओं को पाठ्य सामग्री भी प्रदान की गई। इस मौके पर संदीप, विक्की, पवन, रामदिया, जतिन खत्री व गांव के कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



**महम।** विश्व साइकिल दिवस पर निंदाना में साइकिल यात्रा निकालते युवक।

**मुश्किल** शहर हो या गांव, पेयजल संकट आज भी उतना ही बड़ा मुद्दा, जितना वर्षों पहले था

लोग डीसी कार्यालय पहुंचने को मजबूर
कई गांवों में टैंकरों के सहारे गुजर-बसर

# मोखरा खास से बल्ब और घिलौड़ कलां तक पानी के लिए हाहाकार, बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर से लेकर गांव तक पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। गांव मोखरा खास से बल्ब और घिलौड़ कलां तक पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अन्य गांवों का भी यही हाल है। पेयजल के लिए भी लोगों को भटकना पड़ रहा है। पिछले 12 वर्षों में वर्तमान सरकार ने योजनाएं बनाई, लेकिन जिले के लोगों की प्यास नहीं बुझ सकी। शहर हो या गांव, पेयजल संकट आज भी उतना ही बड़ा मुद्दा बना हुआ है जितना वर्षों पहले था। भीषण गर्मी के बीच जिले के कई गांवों में लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को अपनी समस्या लेकर बार-बार प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।


फाइल फोटो

**पीने के पानी का बड़ा संकट:** जिले में जल संकट की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ समय पहले गांव घिलौड़ कलां में महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा था। पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने विरोध स्वरूप सरपंच के घर के बाहर मटके फोड़कर अपना रोष जताया था। महिलाओं का कहना था कि घरों में पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं है और उन्हें दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। गांव घिलौड़ कलां के सीरी बताते हैं कि हमारे गांव में पीने के पानी का बड़ा संकट है।

### पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं

ताजा मामला गत मंगलवार को सामने आया, जब ओलंपियन साक्षी मलिक के गांव मोखरा खास के ग्रामीण अपनी पेयजल समस्या लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि गांव में लंबे समय से पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक जिले के 80-90 प्रतिशत गांव पीने के स्वच्छ पानी की गंभीर समस्या से 10-12 साल से जूझ रहे हैं।

### शिकायतों पर सिर्फ आश्वासन

मोखरा खास से एक दिन पहले सोमवार को गांव बल्ब के ग्रामीण भी अपनी समस्या लेकर प्रशासन के दरवाजे पर पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की आपूर्ति बेहद अनियमित है और कई दिनों तक नलों में पानी नहीं आता। खास बात यह है कि बल्ब ग्राम पंचायत ने 25 मई को भी प्रशासन को लिखित रूप से अपनी समस्या से अवगत कराया था, लेकिन उसके बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों पर केवल आश्वासन मिलते हैं, समाधान नहीं।

### तीन से चार दिन के अंतराल में पानी की आपूर्ति

ग्रामीणों के अनुसार कई गांवों में तीन से चार दिन के अंतराल के बाद ही पानी की आपूर्ति हो रही है। पशुपालकों और किसानों को भी पानी की कमी के कारण अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में संकट और बढ़ गया है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि जिन गांवों में कभी हैंडपंप और जलघरों के सहारे पर्याप्त पानी उपलब्ध रहता था, वहां अब निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ रही है। एक टैंकर के लिए लोगों को 800-1500 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अतिरिक्त बोझ बन गया है। लगातार सामने आ रही शिकायतें यह संकेत दे रही हैं कि जिले में पेयजल प्रबंधन और जलापूर्ति व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सरकारी दावों से काफी अलग है।

### सुधार नहीं हुआ तो संकट और गहराएगा

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा सकता है। फिलहाल मोखरा खास, बल्ब और घिलौड़ कलां जैसे गांवों की घटनाएं यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर रोहतक जिले के लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कब पूरी होगी। पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए लोगों का बार-बार सड़कों और सरकारी दफ्तरों का रुख करना प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

### कमलदीप अत्री को अटल महेश्वरी पुरस्कार से किया सम्मानित



**गोहाना।** शहर की चोपड़ा कॉलोनी निवासी एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के शोधार्थी कमलदीप अत्री को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए अटल महेश्वरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 10 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। कमलदीप अत्री ने विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग से एमए (2021-2023 बैच) में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वर्तमान में वे इसी विभाग में पीएचडी कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि गोहाना क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कमलदीप अत्री को सम्मान राशि का चेक प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# समय पर उपचार से क्लबफुट से ग्रसित 95 फीसदी बच्चे पूरी तरह से हुए ठीक

## डॉक्टर रूप सिंह बोले, 1000 से अधिक बच्चों को मिला नया जीवन

- विश्व क्लबफुट दिवस पर पीजीआईएमएस में जागरूकता कार्यक्रम
- पोंसेटी विधि से फ्री इलाज हर क्लीनिक दिवस पर 20 बच्चों को मिल रही नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

क्लबफुट यानी जन्मजात मुड़े हुए पैरों की समस्या समय पर पहचान और सही उपचार से पूरी तरह ठीक की जा सकती है। इसी संदेश के साथ विश्व क्लबफुट दिवस पर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक के हड्डी रोग विभाग ने विशेष जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्लबफुट से पीड़ित बच्चों, उनके अभिभावकों और चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुलसचिव एवं हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह ने कहा कि क्लबफुट कोई लाइलाज बीमारी नहीं है और जन्म के तुरंत बाद उपचार शुरू होने पर अधिकांश बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। पीजीआईएमएस रोहतक की समर्पित क्लबफुट क्लीनिक में अब तक 1000 से अधिक बच्चों का सफल उपचार किया जा चुका है। कार्यक्रम में बच्चों के साथ केक काटकर विश्व क्लबफुट दिवस मनाया गया तथा उन्हें उपहार वितरित किए गए।


रोहतक। केक, बिस्कुट व चॉकलेट वितरित कर बच्चों के साथ कुलसचिव डॉ. रूप सिंह व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### ये टीम कर रही काम

क्लबफुट कार्यक्रम से डॉ. रूप सिंह, डॉ. उमेश यादव, डॉ. जितेन्द्र वाधवानी और डॉ. सुनील कुमार के साथ रेजिडेंट चिकित्सक, प्लास्टर तकनीशियन, काउंसलर और पुनर्वास कार्यकर्ता लगातार जुड़े हैं। यह टीम बच्चों को चलने-फिरने लायक बनाने के लिए दिन-रात काम कर रही है।

### यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं

कुलसचिव ओर हड्डी रोग विभाग अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह ने बताया कि क्लबफुट कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। अगर जन्म के तुरंत बाद इलाज शुरू कर दिया जाए और नियमित फॉलोअप किया जाए तो बच्चा पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकता है। माता-पिता को घबराने की जरूरत नहीं है, बस समय पर अस्पताल पहुंचना जरूरी है। क्लबफुट यानी जन्मजात मुड़े हुए पैर, सबसे आम हड्डी व मांसपेशी विकृति है। हर 1000 नवजात में से एक बच्चा इस समस्या के साथ पैदा होता है। इलाज न मिलने पर बच्चा जीवनभर के लिए दिव्यांग हो सकता है और चलने-फिरने में दिक्कत आती है। लेकिन समय पर इलाज और सही देखभाल से 95% बच्चों के पैर पूरी तरह ठीक हो जाते हैं।

### पीजीआईएमएस में क्लबफुट क्लीनिक

पीजीआईएमएस रोहतक में क्लबफुट क्लीनिक चलाया जा रहा है। यह क्लीनिक हर सोमवार, बुधवार और शनिवार को लगता है। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य पोंसेटी विधि से इलाज किया जाता है। इसमें क्रमबद्ध प्लास्टर, जरूरत पड़ने पर छोटी शल्य प्रक्रिया, विशेष जूते-ब्रेस, काउंसलिंग और लंबे समय तक फॉलोअप शामिल हैं। क्लीनिक के समन्वयक डॉ. जितेन्द्र वाधवानी ने बताया कि हर क्लीनिक दिवस पर करीब 20 बच्चे प्लास्टर, जांच, ब्रेस और पुनर्वास के लिए आते हैं। यह कार्यक्रम क्योर इंडिया के सहयोग से क्लबफुट इंडिया प्रोग्राम के तहत चल रहा है, जिसमें इलाज, ब्रेस, काउंसलिंग और फॉलोअप पूरी तरह निःशुल्क है। अब तक यहां 1000 से अधिक बच्चों का सफल पंजीकरण और इलाज हो चुका है। हरियाणा ही नहीं, आसपास के राज्यों से भी मरीज यहां आते हैं।

### धैर्य रखें और इलाज बीच में न छोड़ें

डॉ. रूप सिंह ने कहा कि एक बच्चे का ठीक होना सिर्फ पैर सीधा करना नहीं है, बल्कि उसे आत्मविश्वास देना है। वह स्कूल जा सके, खेल सके, दौड़ सके, यही हमारी सबसे बड़ी जीत है। अभिभावक धैर्य रखें और इलाज बीच में न छोड़ें। डॉ जितेंद्र वाधवानी ने बताया कि नवजात के एक या दोनों पैर अंदर की तरफ मुड़े होना ,एड़ी का छोटा दिखना , पैर सामान्य से अलग दिशा में मुड़ा होना जैसे लक्षण दिखते ही तुरंत हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें।

### क्या है क्लबफुट




क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें नवजात शिशु का एक या दोनों पैर अंदर और नीचे की ओर मुड़े हुए होते हैं। इस स्थिति में पैर की बनावट सामान्य से अलग दिखाई देती है तथा एड़ी छोटी या ऊपर उठी हुई लग सकती है। यह हड्डियों, मांसपेशियों, टेंडन और लिगामेंट्स के असामान्य विकास के कारण होता है। अनुमानतः हर 1000 नवजात शिशुओं में से एक बच्चा क्लबफुट के साथ जन्म लेता है। यदि समय पर उपचार न मिले तो बच्चे को चलने-फिरने में गंभीर परेशानी हो सकती है और वह स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो सकता है।

# एमडीयू में पं. श्रीराम शर्मा शोध पीठ की स्थापना के लिए कुलपति को सौंपा चेक

- 25 लाख दिए, इनमें 11 लाख डॉ. अरविंद शर्मा व 14 लाख अन्य लोगों ने दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा के नाम से शोध पीठ स्थापना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए, उच्च शिक्षा विभाग की मंजूरी और विश्वविद्यालय प्रशासन की सहमति के बाद बुधवार को पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच ने पंडित श्रीराम शर्मा शोध पीठ स्थापना के लिए 25 लाख रुपये का चेक एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को सौंपा। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल भी मौजूद रहे। विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. अशोक दीक्षित ने बताया कि यह वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब साकार होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पंडित श्रीराम शर्मा शोध पीठ बनने से छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्रवाद, सामाजिक चेतना और पंडित श्रीराम शर्मा के संघर्षमय जीवन पर शोध करने का अवसर मिलेगा। डॉ. दीक्षित ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग ने रजिस्ट्रार एमडीयू की रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय में शोध पीठ की स्थापना को व्यवहारिक माना है और 25 लाख रुपये की राशि कुलपति, एमडीयू रोहतक के पक्ष में जमा कराने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत यह चेक सौंपा गया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का आभार जताते हुए बताया कि शोध पीठ के लिए जुटाई गई 25 लाख रुपये की राशि में 11 लाख रुपये का सहयोग डॉ. अरविंद शर्मा की ओर से मिला, जबकि शेष 14 लाख रुपये 36 बिरादरी और समाज के सहयोग से स्वैच्छिक योगदान के रूप में जुटाए गए हैं। पंडित श्रीराम शर्मा के पौत्र पंडित अंशु शर्मा (दोहते कुलदीप शर्मा) ने कहा कि शोध पीठ नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के अनछुए अध्यायों से जोड़ेगी और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत करेगी। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा ने 15 जनवरी 1922 को झज्जर टाउन हॉल से अंग्रेजी झंडा उतारकर तिरंगा फहराया था।


रोहतक। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया को 25 लाख रुपये की राशि का चेक देते पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### कुलपति बोले: विभाग बनाएं शॉर्ट व लॉन्ग टर्म प्लान, रिसर्च को समाज और रोजगार से जोड़ें

*रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों से विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगार क्षमता और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म संस्थागत योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभागों को ऐसी शैक्षणिक और शोध गतिविधियां विकसित करनी होंगी, जो विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक अवसरों और रोजगार के लिए तैयार करें। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने यह बात एमडीयू के इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, शिक्षा विभाग और लोक प्रशासन विभाग के दौरे के दौरान शिक्षकों व शोधार्थियों से संवाद करते हुए कही। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने विभागों को रोजगारपरक कार्यशालाएं, मेंटरिंग सिस्टम और रिसर्च स्किल्स को मजबूत करने वाले विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को केवल कक्षा तक सीमित रखने के बजाय फील्ड वर्क और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से जोड़ा जाए, ताकि वे जमीनी स्तर की समस्याओं को समझ सकें और उन पर सार्थक शोध कर सकें। कुलपति ने शोधार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग विकसित करने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण रिसर्च के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया। इस दौरान होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक, लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया और शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान के शिक्षकों से बातचीत में कुलपति ने ग्रामीण पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक खानपान को बढ़ावा देने से जुड़े शोध एवं नए कोर्स विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं, जिनका लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाना जरूरी है।*

# वैश्य समाज के सम्मान पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं इनेलो जिलाध्यक्ष सात दिन में मांगें माफी: अशोक



रोहतक। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने इनेलो के रोहतक जिला अध्यक्ष नफे सिंह लाहली द्वारा रोहतक के उपायुक्त के संदर्भ में की गई कथित जातिसूचक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान की भावना के विपरीत बताया है। किसी भी व्यक्ति, समुदाय या समाज के प्रति अपमानजनक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने नफे सिंह लाहली को सात दिन का समय देते हुए कहा कि वे अपने शब्दों को वापस लें और सार्वजनिक रूप से समाज से माफी मांगें। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि किसी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि अथवा राजनीतिक दल के साथ वैचारिक मतभेद या व्यक्तिगत असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसे किसी विवाद में किसी पूरे समाज को उसकी जाति के आधार पर निशाना बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला की उपस्थिति में हुई इस घटना के बाद पार्टी नेतृत्व की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए अपने जिलाध्यक्ष के खिलाफ उचित कार्रवाई करे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पार्टी इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो वैश्य समाज की नाराजगी का राजनीतिक प्रभाव भविष्य में इनेलो को भुगतना पड़ सकता है। बुवानीवाला ने कहा कि जिस प्रकार एक प्रशासनिक अधिकारी को उसकी जातीय पहचान से जोड़कर संबोधित किया गया, वह केवल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वैश्य समाज अपने सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े किसी भी मुद्दे पर समझौता नहीं करेगा।

# नेकीराम कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी कोर्स शुरू करने की तैयारी

- रोजगारोन्मुखी विषय बायोटेक्नोलॉजी से विद्यार्थियों के लिए खुलेंगे शोध और करियर के नए रास्तेः प्राचार्य

रोहतक। स्थानीय पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बायोटेक्नोलॉजी विषय शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी प्रक्रिया के तहत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक की एक विशेष निरीक्षण समिति ने बुधवार को महाविद्यालय का दौरा किया। समिति ने नए विषय के संचालन के लिए कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक माहौल और आधारभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण समिति में एमडीयू के सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (सीबीटी) से डॉ. अनिल छिल्लर (संयोजक) डॉ. ऋतु गिल और डॉ. नेत्रपाल शामिल रहे। समिति के सदस्यों ने कॉलेज की विज्ञान प्रयोगशालाओं, आधुनिक कक्षाओं, पुस्तकालय और अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का अवलोकन किया। इसके साथ ही टीम ने नए विषय को पढ़ाने के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की भी समीक्षा की और जरूरी दस्तावेजों की जांच की।इससे पहले महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान ने निरीक्षण समिति का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों व शानदार उपलब्धियों से अवगत कराया। प्राचार्य ने कहा बायोटेक्नोलॉजी आज के समय का एक बेहतरीन रोजगारोन्मुखी विषय है।

### एमडीयू की टीम ने किया निरीक्षण


रोहतक। एमडीयू के सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी (सीबीटी) से डॉ. अनिल छिल्लर (संयोजक) डॉ. ऋतु गिल और डॉ. नेत्रपाल के साथ प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे

इसके शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, रिसर्च (शोध) और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। इस विशेष निरीक्षण के दौरान प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष सुनीता बिरवाल सहित महाविद्यालय के अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक और गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे। विभाग की तरफ से समिति को लैब में उपलब्ध उपकरणों, संसाधनों और विषय से जुड़ी अन्य तकनीकी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। निरीक्षण पूरा होने के बाद समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट एमडीयू को सौंपेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विषय को आधिकारिक संबद्धता देने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।


रोहतक। श्रीमद् भागवत कथा में पहुचे स्वामी कमल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर कर्ण पुरी महाराज व अन्य संत-महात्मा।

# कथा से मानव सेवा करुणा व परोपकार का दिया संदेश

रोहतक। जिले में श्रीमद् भागवत कथा के बुधवार को तीसरे दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कथा के दौरान समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज दो जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल (त्रिचक्र वाहन) प्रदान की गई।इस अवसर पर श्रद्धालुओं को महामंडलेश्वर 1008 कमलपुरी महाराज, महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 कर्णपुरी महाराज एवं साध्वी मैनेश्वरी देवी का स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संत-महात्माओं ने कथा के माध्यम से मानव सेवा, करुणा और परोपकार का संदेश देते हुए सभी को समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए प्रेरित किया।आयोजकों ने बताया कि कथा के दौरान सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे तथा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का अभियान आगे भी संचालित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति से कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
: 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

# ग्लोबल रनिंग-डे पर ओजी रन क्लब ने दिया फिटनेस का संदेश

रोहतक। ग्लोबल रनिंग डे के अवसर पर ओजी रन क्लब द्वारा एमडीयू परिसर में 10 किलोमीटर रन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और नियमित दौड़ के प्रति जागरूक करना था। दौड़ में बड़ी संख्या में धावकों, युवाओं एवं फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने दौड़ के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। ओजी रन क्लब के सदस्यों ने बताया कि नियमित दौड़ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत करती है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने फिट और सक्रिय रहने का संकल्प लिया।




रोहतक। वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते आर्य वीरांगना। फोटो : हरिभूमि

### सबसे पहला और सबसे मुख्य आश्रम है ब्रह्मचर्य : डॉ. जगदेव सिंह

रोहतक। आर्य वीर दल के तत्वावधान में स्थानीय आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में सात दिवसीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन मुख्य वक्ता के तौर पर पधारे आर्य विद्वान डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि वैदिक ग्रंथों में जीवन के चार विभाग किए गए हैं यथा- ब्रह्मचर्य गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। इन्हीं को चार आश्रम कहते हैं। इनमें सबसे पहले और सबसे मुख्य आश्रम ब्रह्मचर्य है। गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास वैकल्पिक है परंतु ब्रह्मचर्य आवश्यक और अनिवार्य है। ब्रह्मचर्य आश्रम का जीवन से वही संबंध है जो नींव का किसी मकान से होता है। यज्ञ पुरोहित आचार्य शक्तिदेव ने बताया कि मनुष्य जीवन में सबसे पहली बात शरीर रक्षा है। जिस प्रकार बिना यान के यात्रा नहीं हो सकती , इसी प्रकार बिना अच्छे शरीर के हम कोई काम नहीं कर सकते। प्रातः कालीन शारीरिक सत्र में आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया एवं सांय कालीन सत्र में जूडो कराटे , लाठी, तलवार, सर्वांग सुंदर व्यायाम आदि युद्ध कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। जिला संचालक सतीश आर्य ने बताया कि शिविर का समापन रविवार सात जून को होगा। इस अवसर पर सरोज आर्य, बलराज खुराना, संजय कथूरिया, संदीप कान्ही, संजीव सचदेवा, पवनजीत, वरिंदर सहगल, यशपाल भाटिया, सचिन ढुआ एवं अंकुर उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी खेल परिसर में मनाया जाएगा योग दिवस

# प्रत्येक ब्लॉक से गांव तक होंगे योग सत्र

- ग्राम पंचायत स्तर तक योग सत्र के आयोजन की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इस बार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव में भी योग की अलख जगाई जाएगी। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित होगा, जबकि ग्राम पंचायत स्तर तक योग सत्रों के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। सरकार ने स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के साथ 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक जनभागीदारी वाला अभियान बनाने का लक्ष्य तय किया है। सरकार की ओर से सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विकास एवं पंचायत विभाग ने उपायुक्तों, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारियों तथा ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारियों को तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।



### सरपंच संभालेंगे व्यवस्था की कमान

निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और ग्राम सचिव कार्यक्रमों की व्यवस्था संभालेंगे। योग दिवस से पहले गांवों में योग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम से जुड़ सकें।

### नशा मुक्ति अभियान भी चलेगा

विभाग ने गत 1 जून से ही योग विशेषज्ञों की सहायता से योग अभ्यास सत्र और नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। योग गतिविधियों के संचालन के लिए योग मित्रों और प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी। मुख्य योग सत्रों का संचालन प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा कराया जाएगा। पंचायत भवनों और सरकारी कार्यालयों में भी आयोजन योग दिवस पर पंचायत भवनों और सरकारी कार्यालयों में भी विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। योग केंद्रों पर योग के लाभ और नशा मुक्ति से संबंधित संदेशों वाले बैनर एवं होर्डिंग लगाए जाएंगे।

### सर छोटूराम राजकीय महिला कॉलेज में योग प्रतियोगिता



सांपला। सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा के दिशा निर्देशन में योग क्लब द्वारा दिनांक 2 जून 2026 से 21 जून 2026 तक विभिन्न योग एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवधि के दौरान योगाभ्यास सत्र, प्राणायाम, ध्यान, योग प्रतियोगिताएं, कपालभाति आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग क्लब के प्रभारी डॉ. मांगेराम ने छात्राओं को नियमित योग अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली इन गतिविधियों में छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा उन्हें योग के महत्व एवं लाभों से अवगत कराया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, पति पर केस

**रोहतक।** दहेज में गाड़ी नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। वार्ड नंबर-3 महम निवासी मनीषा ने शिकायत में बताया कि उसका विवाह 24 फरवरी को भिवानी जिले के गांव जीतावास बास निवासी विक्रम से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में गाड़ी की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। आर्थिक असमर्थता जताने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोप सही पाए और आरोपी पति विक्रम के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डीएसआर पर 4500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने किसानों से खरीफ-2026 सीजन के लिए 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) योजना के तहत किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जबकि 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना के अंतर्गत धान की जगह वैकल्पिक फसलें अपनाने पर 8000 रुपये प्रति एकड़ तक सहायता मिलेगी। दोनों योजनाओं का लाभ लेने के लिए 15 जून 2026 तक पंजीकरण अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा कि डीएसआर तकनीक जल संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने में भी मददगार है।

### 15 जून से मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना, मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट नाम हटाना तथा पात्र मतदाताओं का सही रिकॉर्ड तैयार करना है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह किसी का वोट काटने की प्रक्रिया नहीं है। मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन 1950 भी सक्रिय है, जहां आवश्यक जानकारी और सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# अंडर-20 और 15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय टीम में 20 महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ, 13 म्हारी पहलवान

## छोटूराम स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर हुए चयन ट्रायल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंडर-20 व 15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला व पुरुष कुश्ती टीम के चयन ट्रायल्स बुधवार को आयोजित किए गए। इन चयन ट्रायल्स में हरियाणा की महिला पहलवानों ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया है। इसमें हरियाणा की 13 महिला पहलवानों ने जगह बनाई। अहरियाणा की बेटियों ने बाजी मारी और भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। लड़कियों की ट्रायल दिल्ली में आयोजित की गई। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर और कोच मनदीप ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। अंडर-20 में सविता दलाल, मुस्कान मलिक, अंडर-15 में विनाक्षी, मोहिनी और दीपांशी रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है।





**अंडर-15 परिणाम**

इस चयन प्रक्रिया में हरियाणा की बेटियों ने 6 वेट कैटेगरी में बाजी मारी। हरियाणा की ओर से दिव्या रानी ने 36 किलोग्राम, विनाक्षी ने 46 किग्रा. मोहिनी ने 50 किग्रा., निशा ने 54 किलोग्राम और दीपांशी ने 58 किलोग्राम भारवर्ग में अपनी-अपनी श्रेणियों में पहला स्थान हासिल किया। वहीं महाराष्ट्र की बेटियों ने भी अपनी ताकत का लोहा मनवाया, जिसमें समृद्धि सतीश ने 33 किग्रा., गौरी सतीश ने 39 किलोग्राम, ज्ञानेश्वरी ने 42 किलोग्राम और अंजली संतोष ने 62 किग्रा. भारवर्ग में चयनकर्ताओं को प्रभावित कर टीम में जगह बनाई। इसके अलावा दिल्ली की दिशा शौकीन ने 66 किग्रा. भारवर्ग में जीत दर्ज कर टीम का गौरव बढ़ाया।

### अंडर-20 महिला पहलवानों में सात म्हारे

हरियाणा से 50 किलोग्राम भारवर्ग में परवीन, 53 किलोग्राम में मुस्कान, 55 किग्रा. में काजल, 65 किलोग्राम में मुस्कान, 68 किलोग्राम में मानसी लाठर, 72 किग्रा. में मनीषा और 76 किग्रा. भारवर्ग में काजल शामिल हैं। इनके अलावा रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की दो पहलवानों कोमल ने 59 किलोग्राम और सविता ने 62 किग्रा. भारवर्ग में भारतीय टीम में जगह बनाई है। वहीं, दिल्ली की मान्या ने 57 किग्रा. भारवर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### पुरुष अंडर-20 ग्रीको-रोमन में इनका चयन

हरियाणा से 60 किलोग्राम भार वर्ग में सूरज, 63 किग्रा. में आर्यन मलिक, 67 किग्राम भार वर्ग में अनुज, 72 किग्रा. भार वर्ग में विनीत, 77 किग्रा. भार वर्ग में धीरज कुमार मलिक, 87 किग्रा भार वर्ग में विकास दलाल और 130 किग्रा. भार वर्ग में दिशांत का चयन हुआ। 55 किग्रा. भार वर्ग में मध्यप्रदेश के नीरज पटेल, 82 किग्रा भार वर्ग में एसएससीबी से हिमांशु और 97 किग्रा. भार वर्ग में यूपी से अक्षय का चयन हुआ।

### पुरुष अंडर-15 फ्रीस्टाइल में हरियाणा के पांच पहलवान

हरियाणा से 38 किग्रा. में जतिन, 44 में वंश, 57 में नितेश, 62 में नैतिक, 68 में अरमान का चयन हुआ है। 41 में एसएससीबी के गौतम, और 85 में यूपी के विवेक का चयन हुआ है। महाराष्ट्र से 75 में हर्षद, 48 में हर्षवर्धन और 52 में प्रथमेश सूर्यकांत का चयन हुआ है।

### पुरुष अंडर-15 ग्रीको रोमन में हरियाणा के चार पहलवान

38 किग्रा. में हिमाचल से सौरव, 41 में महाराष्ट्र से रोहित अशोक, 44 में पंजाब से राजवीर सिंह, 48 में हरियाणा से यश, 52 में यूपी से तुषार, 57 में हरियाणा से प्रयास, 62 में महाराष्ट्र से दर्पण राजु, 68 में हरियाणा कौशल, 75 में महाराष्ट्र से गौरव और 85 में हरियाणा से जतिन का चयन हुआ है।

## शहर की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# कागजों में नहीं, शहर में दिखाओ सफाई

**शहर में सफाई व्यवस्था पर सख्त हुए निगम आयुक्त, कूड़ा दिखने पर होगी कार्रवाई**

**गंदगी फैलाने वालों और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान, होंगे चालान**

- अवैध होर्डिंग्स, पोस्टर और फ्लैक्स हटाने के आदेश, नहीं हटाने पर चालान भी होंगे
- नागरिक सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य सड़कों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम क्षेत्र में किसी भी सड़क, गली या सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा-कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए। निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए पर्याप्त समय दिया जा चुका है और अब फील्ड में कार्यों के ठोस एवं जमीनी परिणाम नजर आने चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने तथा सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए नरेन्द्र कुमार ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे स्थानों की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए जहां बार-बार कूड़ा फेंके जाने की शिकायतें प्राप्त होती हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों और संस्थानों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर चालान करने तथा नियमानुसार जुर्माना लगाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल सफाई करवाना नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करवाना भी है। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। निर्देश दिए कि यदि किसी समाचार पत्र में सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायत या समाचार प्रकाशित होता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समस्या का समाधान होने के बाद संबंधित स्थल के फोटोग्राफ भी साझा किए जाएं, ताकि जनता की शिकायतों का समय पर निस्तारण हो सके।



**रोहतक।** अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

इस दौरान निगम आयुक्त ने नागरिक सुविधा केन्द्र का भी औचक दौरा किया। उन्होंने वहां उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधा केन्द्र नगर निगम और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक और बेहतर सेवाएं मिलनी चाहिए। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक जानकारी सरल एवं स्पष्ट रूप से उपलब्ध करवाई जाए।

### स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील

निगम आयुक्त ने शहरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक कूड़ा केवल डोर-टू-डोर संग्रहण वाहनों में ही डालें तथा अपने आसपास गंदगी फैलाने वालों को रोकने-टोकने का प्रयास करें। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने या अवैध पोस्टर, फ्लैक्स और होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जुर्माना जमा न करने वालों पर केस दर्ज करें

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि नगर निगम की प्रवर्तन (एन्फोर्समेंट) टीम को अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1989 तथा विज्ञापन नीति के तहत चालान किए जाएंगे। जुर्माना जमा न करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसी क्रम में निगम टीम ने विशेष अभियान चलाकर शहर के मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों से अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स और पोस्टर हटवाए।



**रोहतक।** निगम द्वारा संचालित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार व संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी व अन्य ।

**पशु दाह संस्कार प्लांट का निरीक्षण, निगमायुक्त बोले**

## पर्यावरणीय मानकों और गुणवत्ता से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बुधवार को शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और निर्माणाधीन आधुनिक पशु दाह संस्कार प्लांट का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में कूड़े के संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और निस्तारण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गीले और सूखे कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, कम्पोस्टिंग प्रक्रिया और अवशिष्ट कचरे के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकतम कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर लैंडफिल पर निर्भरता कम की जाए तथा पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन आधुनिक पशु दाह संस्कार प्लांट का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि प्लांट का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसे सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली से संचालित किया जाएगा। इससे ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों को विद्युत कनेक्शन और तकनीकी उपकरणों की स्थापना सहित शेष कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। मृत पशुओं के वैज्ञानिक और सुरक्षित निस्तारण में अहम भूमिका निभाएगी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### युवक संदिग्ध हालत में लापता

**सांपला।** गांव नौनंदद निवासी एक युवक के अचानक लापता होने से परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों की शिकायत पर सांपला थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पूजा पत्नी इन्द्रजीत ने बताया कि उसका पति इन्द्रजीत 1 जून की सुबह अपनी सफेद रंग की कार लेकर घर से निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। काफी समय तक संपर्क न होने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों का कहना है कि इन्द्रजीत का मोबाइल फोन भी उसी दिन से बंद आ रहा है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। मामले की सूचना मिलने पर सांपला थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटा रही है तथा विभिन्न माध्यमों से लापता युवक का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## कैनाल रेस्ट हाउस व महाबीर पार्क के पास से हटाईं रेहड़ियां







**रोहतक।** कैनाल रेस्ट हाउस और महाबीर पार्क के पास से बुधवार को रेहड़ियां हटाई गई और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इसके बाद सड़क पूरी तरह से कब्जा मुक्त हो गई लोगों ने राहत की सांस ली। पहले यहां अवैध कब्जों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## ट्रिपल इंजन सरकार में बिजली-पानी को तरसे लोग, सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त : बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में कोई बड़ा विकास प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रिपल इंजन सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। पत्रकार वार्ता में बत्रा ने कहा कि प्रदेश में पानी और बिजली की गंभीर किल्लत है, जबकि लोग भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित है और लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।उन्होंने सफाई व्यवस्था को भी बदहाल बताते हुए कहा कि बारिश से पहले नालों और सीवर की सफाई नहीं की गई, जिससे जलभराव की स्थिति बन सकती है। रोहतक को कांग्रेस का मजबूत गढ़ बताते हुए उन्होंने संगठन को और मजबूत करने की बात कही।पूर्व मंत्री ने भाजपा पर विकास कार्यों को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने 11 वर्षों में मेट्रो जैसी एक भी बड़ी परियोजना शुरू नहीं की।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी सूरजमल किलोई व पूर्व पार्षद अनिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

**अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में कई विद्यार्थियों मिली कामयाबी**

# रिसर्च, हेल्थ सेक्टर, फार्मा इंडस्ट्री और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में करियर के अवसर प्रदान करता मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी विभाग

- वैक्सीन डेवलपमेंट, जीनोमिक्स और बायोइन्फॉर्मेटिक्स में विशेषज्ञता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

मेडिकल साइंस, हेल्थकेयर रिसर्च और बायोटेक इंडस्ट्री में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक का सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) नए अवसरों का मजबूत मंच बन रहा है। यहां संचालित एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि रिसर्च, हेल्थ सेक्टर, फार्मा इंडस्ट्री और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में करियर की राह भी दिखा रहा है। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से स्थापित यह केंद्र मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी, मॉलिक्यूलर मेडिसिन, वैक्सीन डेवलपमेंट, जीनोमिक्स, रोग निदान (डायग्नोस्टिक्स), बायोइन्फॉर्मेटिक्स और ट्रांसलेशनल रिसर्च जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करता है। वर्तमान में केंद्र के निदेशक डॉ. हरि मोहन के नेतृत्व में विभाग छात्रों को रिसर्च आधारित शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रहा है। विभाग में डॉ. अमिता सुनेजा डांग, डॉ. अनिल कुमार और डॉ. रश्मि भारद्वाज जैसे अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों और शोध पद्धतियों से परिचित करा रहे हैं।

### आधुनिक सुविधाएं

केंद्र में मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी, जीनोमिक्स, वैक्सीन डेवलपमेंट और बायोइन्फॉर्मेटिक्स जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता दी जा रही है। आधुनिक लैब, रिसर्च आधारित शिक्षा, सेमिनार और इंडस्ट्री एक्सपोजर के जरिए छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है, जिससे वे उच्च स्तरीय संस्थानों और कंपनियों में रोजगार के लिए तैयार हो रहे हैं।

### 30 सीटों पर प्रवेश

सीएमबीटी में 30 सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। पात्रता के लिए संबंधित विषय में बीएससी आवश्यक है और प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन होता है। पूर्व छात्र अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित संस्थाओं में कार्यरत हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है।

### विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दे रहे योगदान

सीएमबीटी के पूर्व विद्यार्थी इसकी सफलता की सबसे बड़ी पहचान हैं। विभाग के पूर्व छात्र डॉ. संदीप धांडा अमेरिका के सेंट जूड चिल्ड्रन्स रिसर्च हॉस्पिटल में लीड बायोइन्फॉर्मेटिक्स रिसर्च साइंटिस्ट हैं, जबकि डॉ. ऋचा भटनागर यूनाइटेड किंगडम में हेल्थकेयर साइंटिस्ट तथा डॉ. जया सैनी ब्रिटेन की सेंटॉरी थेरेप्यूटिक्स में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत हैं। विभाग के कई अन्य पूर्व विद्यार्थी भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित संस्थाओं में रिसर्च और हेल्थकेयर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### बायोटेक स्टार्टअप्स में तेजी से बढ़ रहे रोजगार के अवसर



मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी आज भविष्य का ऐसा क्षेत्र है, जहां शोध, हेल्थकेयर, फार्मा, वैक्सीन निर्माण, डायग्नोस्टिक लैब और बायोटेक स्टार्टअप्स में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह पाठ्यक्रम युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वैज्ञानिक और हेल्थ इनोवेटर बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान कर रहा है।

**-डॉ. हरि मोहन**, विभागाध्यक्ष